

# कांग्रेस ने निकाली रैली, भाजपा का आज से शुरू होगा सेवा पखवाड़ा

## कांग्रेस के सभी नेता एक मंच पर, तो भाजपा ने सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए लिया संकल्प

**शाजापुर, 16 सितंबर.** जिला मुख्यालय पर जहां भाजपा आज से सेवा पखवाड़ा मनाने जा रही है, तो वहीं कांग्रेस ने एसआईआर के विरोध में रैली निकालकर केंद्र सरकार को कोसा. जिला मुख्यालय पर आयोजित कांग्रेस की रैली में सभी नेता एक मंच पर नजर आए. केंद्र सरकार के एसआईआर के विरोध में कांग्रेसियों ने अपनी भड़ास निकालकर ज्ञापन सौंपा. तो वहीं भाजपा ने सेवा पखवाड़े को लेकर प्रतिदिन के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने का संकल्प लिया.



गौरतलब है कि हाथों में तख्ती गद्दी छोड़, वोट चोर के नारे लगाते हुए कांग्रेसी नेताओं ने बस स्टैंड से रैली की शुरुआत की, जो चौक में जाकर समाप्त हुई. रैली में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामवीरसिंह सिकरवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार कराड़ा, आशुतोष शर्मा, इरशाद खान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, आईटी सेल प्रभारी देवकरण गुर्जर सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे. इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि देश में अघोषित इमरजेंसी है. पूरी सरकार ही चोरी के वोट से बनी हुई है. वहीं दूसरी ओर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने आज से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी. भीमावद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार विकास करती है. किसानों के लिए जितनी योजनाएं केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन सरकार ने लागू की है, आज तक किसी सरकार ने किसानों के लिए हित के लिए इतना नहीं सोचा. आज देश में भाजपा की सरकार ने सड़क का जाल बिछाया. देश विकास की ओर अग्रसर है. अपराधी तत्वों पर अंकुश लगा है. साथ ही व्यापारियों को जीएसटी से भी कई मामलों में राहत मिली है. सेवा पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक रोज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.



### सभी कांग्रेसी आए एक मंच पर ...

गद्दी छोड़, वोट चोर के नारे के साथ शाजापुर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस की रैली आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के लगभग सभी वरिष्ठ नेता एक मंच पर नजर आए. लंबे समय बाद विपक्ष के रूप में कांग्रेस के किसी कार्यक्रम में नेताओं का एकसाथ होना चर्चा का विषय भी रहा. रैली में अजबसिंह पंवार, कमल चौधरी, सीताराम पवैया, जिला युकां अध्यक्ष जयंत सिंह सिकरवार, रामवीरसिंह सिकरवार, पूर्व पार्षद राजेश पारछे, मूसा खान, सत्या वात्रे, अमरसिंह बकानी, जुनैद खान, रईस खान, जितेंद्र सिंदल, आशुतोष शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे.

### तीनों विधानसभा में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

सबसे पहले कालापीपल में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया. उसके बाद शुजालपुर में और अब जिला मुख्यालय शाजापुर में भी कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर विपक्ष के रूप में अपना शक्ति प्रदर्शन किया.

## एक नजर में

### विशाल कन्या भोज 24 सितंबर को



**मोहन बड़ोदिया, 16 सितंबर.** मां शेरावाली नवयुवक मंडल बस स्टैंड मोहन बड़ोदिया के तत्वावधान में विशाल कन्याभोज का आयोजन 24 सितंबर को होगा. उक्त कन्याभोज जन सहयोग से किया जा रहा है, जिसको लेकर समिति सदस्यों द्वारा मंगलवार को मोहन बड़ोदिया में दुकानदारों, व्यापारी, ग्रामीणजन सहित आदि लोगों से संपर्क कर राशि का एकत्रीकरण किया गया.

### मार्ग अवरुद्ध होने से टूटा संपर्क



**सुसनेर, 16 सितंबर.** सोमवार को कंठाल नदी में पानी होने के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 7 में बारिश से नाहरखेड़ा पहुंच मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण कुछ परिवारों का नगर से संपर्क टूट गया. यह समस्या वार्ड पार्षद श्रीमती कल्पना जितेंद्र सांवला के संज्ञान में आते ही तुरंत जेसीबी भेजकर मार्ग बनाया गया. वार्डवासी साजिद खां और शाकिर खां ने बताया कि उनके परिजन सहीद खांजी की मृत्यु हो गई, उनके लिए एम्बुलेंस निकलने तक का रास्ता नहीं था. वार्ड पार्षद सांवला के संज्ञान में आते ही तुरंत जेसीबी भेजकर रास्ता बनाया गया तथा नदी पर अस्थाई पुलिया बनाकर आवागमन शुरू किया गया. समस्या हल होने पर वार्डवासियों ने पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है.

### जैन धर्म और शिक्षा पर दिया वक्तव्य



**सुसनेर, 16 सितंबर.** जैन तीर्थंकर ज्ञान परिषद एवं अर्हम विद्या जैन शोध संस्थान के तत्वावधान में मुनि श्री प्रणमय सागर जी महाराज के सान्निध्य में 2 दिवसीय तृतीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली में जैन लाल मंदिर में अग्रवाल दिगम्बर जैन पंचायत देहली द्वारा किया गया. इस संगोष्ठी में देशभर से वक्तागण द्वारा जैन धर्म और शिक्षा पर बहुत ही सुंदर शब्दों में मधुर वाणी के साथ प्रस्तुत किया गया. इस आयोजन में ग्राम मोड़ी के युवा लवीश जैन को भी वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था. लवीश ने यहां जैन धर्म और शिक्षा पर सुंदर वक्तव्य दिया. जानकारी ललित जैन सिंघई ने दी.

### झारखंड शिक्षा विभाग की टीम ने शाजापुर में समझा मिशन अंकुर




**शाजापुर, 16 सितंबर.** मध्यप्रदेश में संचालित एफएलएन मिशन अंकुर की कार्यप्रणाली को समझने के लिए झारखंड राज्य से शिक्षा विभाग के अधिकारियों की 18 सदस्यीय टीम ने शाजापुर जिले का भ्रमण किया. यह अध्ययन भ्रमण रूम टू रीड संस्था के माध्यम से संपन्न हुआ. टीम ने जिले की चार शालाओं में पहुंचकर भाषा और गणित विषय की कक्षाओं का अवलोकन किया. इस दौरान शिक्षकों द्वारा शिक्षक संदर्शिका, वर्कबुक, पाठ्यपुस्तक एवं टीएलएम का उपयोग करते हुए मल्टीग्रेड एवं मल्टी लेवल कक्षाओं का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है, इसे विस्तार से समझा गया. विद्यालय भ्रमण के बाद टीम ने डाइट शाजापुर में डीआरजी, बीएसी, सीएसी और वरिष्ठ व्याख्याता बालेंद्र श्रीवास्तव से विस्तृत चर्चा की. इसमें मिशन अंकुर की चुनौतियों और सफलताओं पर विचार-विमर्श हुआ. साथ ही झारखंड टीम के सदस्यों ने भी अपने राज्य के अनुभव साझा किए. इस अवसर पर रूम टू रीड संस्था से सुमित साध, रवि विश्वकर्मा, अभिषेक चतुर्वेदी, संजय राजपूत, प्रमोद गुप्ता एवं स्नेहा द्विवेदी उपस्थित थी.

### फसल सर्वेक्षण के लिए एसडीएम अधिकृत

**शाजापुर, 16 सितंबर.** जिले में सोयाबीन फसल में पीला मौजेक, एथ्रोक्नोज एवं अफलन की समस्या क्षेत्र में देखी जा रही है. जिस कारण फसल पीली पड़ कर सूखने की स्थिति निर्मित हो रही है. कृषकों द्वारा सर्वे करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं. इसे देखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा अनुभाग स्तर पर संबंधित क्षेत्र के पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, तहसील प्रतिनिधि फसल बीमा कंपनी, सचिव ग्राम पंचायत के दल का गठन करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व को अधिकृत किया गया है.

**जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 19 सितंबर को- शाजापुर,** आगामी माह में आने वाले प्रमुख त्यौहार, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली एवं अन्य समस्त त्यौहार व जयंती आदि शांति एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाए जाने के लिए 19 सितंबर 2025 को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय शाजापुर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा.

# भाजपा-कांग्रेस के बालि को अपने ही सुग्रीवों से खतरा...

**बात शाजापुर की**

मनोज पुरोहित

जो लोग विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा की जड़ों में मट्ठा डालते हैं और फिर दोनों ही दलों के कार्यक्रमों में निष्ठावान कार्यकर्ता बनकर घूमते नजर भी आते हैं. चाहे विधानसभा चुनाव में जिले की तीनों विधानसभा में कांग्रेस नेताओं की बात करें या शाजापुर विधानसभा में भाजपा नेताओं की. चुनाव छोटा हो या बड़ा हो, दोनों ही दलों में असंतुष्ट बालि रूपी नेताओं को अपने ही सुग्रीवों से खतरा रहा है. जिस प्रकार पौराणिक कथा में बालि और सुग्रीव की लड़ाई छल और कपट की थी. बालि को मरवाने के लिए उसके भाई सुग्रीव ने ही भगवान राम से मदद मांगी और बालि का वध करवा दिया था. फिर पूरे साम्राज्य पर सुग्रीव का एकाधिकार हो गया. कुछ ऐसा ही आलम राजनीति में भी देखने को मिल रहा है. भाजपा हो या कांग्रेस हो, चुनाव के दौरान जो भी प्रत्याशी रूपी बालि मैदान में होता है, उन्हें अपने ही पार्टी के सुग्रीवों से खतरा रहता है. 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रूपी बालि का वध करने के लिए कई सुग्रीव मैदान में आ गए थे. पार्टी की जड़ों में मट्ठा राजनीतिक दल के नेता पहले डालते थे. अब तो जड़ों को खोदकर उसका अस्तित्व की खत्म कर देते हैं. कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही दलों के कबीले अपनी-अपनी पार्टी के लिए भस्मासुर बन जाते हैं. चुनाव छोटा हो या बड़ा हो, गुटबाजी, छल, कपट अब राजनीतिक दलों का पर्याय बन चुकी है. क्योंकि भाजपा दो दशकों से सत्ता में है, तो ऐसे में भाजपा में गुटबाजी चरम पर है. यूं तो कई गुट हैं, लेकिन भाजपा की गुटबाजी इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पीछे छोड़ चुकी थी. अब जो भाजपा नेता बीते दो विधानसभा चुनाव में भाजपा की जड़ों में मट्ठा डालने का काम कर रहे थे. कांग्रेस की तो परंपरा बन चुकी है चुनाव में टिकट न मिलने पर प्रत्याशी को हराने की, लेकिन अब ये गुण भाजपा की राजनीति में भी देखने को मिल रहे हैं. पूरे चार साल कांग्रेस के नेता एक मंच पर हूंकार भरते हैं, लेकिन टिकट न मिलने से कांग्रेसी नेता भाजपा को जिताने में सक्रिय हो जाते हैं. तो दूसरी ओर कमी भाजपा में भी नहीं है, जो असंतुष्ट होकर कांग्रेस की जीत की कामना करने लगते हैं. आने वाले नगर पालिका चुनाव में भी सबसे ज्यादा बालि देखने को मिलेंगे और नगर पालिका चुनाव में भाजपा को अपने ही सुग्रीवों से खतरा होगा. हालांकि कांग्रेस में भी सुग्रीवों की कमी नहीं है. देवतुल्य कार्यकर्ता दोनों ही दलों के गुटबाजी का यह नजारा देखकर मन मसोड़कर रह जाते हैं, क्योंकि आज भी भाजपा और कांग्रेस में अपनी-अपनी पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है, लेकिन चुनाव में इन निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर चुनावी मौसम के नेता नेतृत्व करने लगते हैं. और यहीं से स्थिति निर्मित होती है गुटबाजी की.

**खुद की गद्दी छोड़कर दूसरे की गद्दी की चिंता**

कांग्रेस इन दिनों एक नारे के साथ आंदोलित है. गद्दी छोड़ो... लेकिन सवाल यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों की गद्दी कांग्रेस के नेताओं ने ही छुड़ा ली थी. जिले की तीनों विधानसभा में कांग्रेस की आपसी गुटबाजी में कांग्रेस की विधायक रूपी गद्दी चली गई थी. अब देखना यह है कि संगठन सृजन अभियान के बाद कांग्रेस की एकता चुनाव तक चलती है या फिर ढाक के तीन पात की तरह मनपसंद टिकट न मिलने पर अपनी ही पार्टी की गद्दी पर दूसरे को बैठाते हैं.

**राजनीति का पहला उसूल...**

अपने पिता से एक पुत्र ने राजनीति सीखने का मंत्र पूछा. जिस पर पिता ने पुत्र से कहा कि तीसरी मंजिल पर चढ़ जा और कूद जा. पुत्र ने कहा नीचे कुदूंगा तो मर जाऊंगा. जिस पर पिता ने कहा कि मैं नीचे खड़ा हूं, तुझे गिरने नहीं दूंगा, पकड़ लूंगा. जैसे ही पुत्र कूदा, तो नीचे खड़ा पिता पीछे हट गया और पुत्र घायल हो गया. तो पुत्र ने पिता से कहा कि आपने मुझे पकड़ा क्यों नहीं. पिता ने कहा कि यदि राजनीति करना है, तो राजनीति में अपने पिता की बात का भी विश्वास मत करना. ये ही राजनीति का पहला उसूल है.

**अंत में...**

हलधर को न्यायालय के स्टे से फिर राजकुमार बनकर प्रशासनिक राजपाठ का मौका मिला. अब उन्हें किसी भी नेता का डर नहीं है, क्योंकि वे स्टे की पिच पर रहकर फ्रंट फुट में बेटिंग करेंगे.

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित




**सोयतकलां, 16 सितंबर. शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के आगरमालवा, सोयत, नलखेड़ा, बड़ौद महाविद्यालय से कबड्डी की महिला और पुरुष टीम सम्मिलित हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल प्रभारी डॉ. हंसराज पाटीदार एवं समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया.**

तत्पश्चात पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय सोयतकला की टीम विजेता रही. महिला कबड्डी में नलखेड़ा महाविद्यालय की टीम प्रथम विजेता रही. उक्त आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. श्वेता भल्ला के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें मैच रैफरी कुश्ती फेडरेशन से बलवीर सिंह पंवार एवं सुरेश मालवीय थे. आगर मालवा टीम का प्रतिनिधित्व डॉ. हंसराज पाटीदार एवं डॉ. कृति ग्वाला, बड़ौद महाविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व रोहित ग्वाला, नलखेड़ा महाविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व आशीष सांखला द्वारा किया गया. इस अंतर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में श्वेत कला महाविद्यालय की टीम अब संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. टीम की जीत पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश बंसिया द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया. संचालन डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी ने किया. रजिस्ट्रेशन संबंधी कार्य गंगाराम खन्ना, हर्षवर्धन राठौर एवं रामप्रसाद दांगी ने किया. जानकारी अजय प्रताप सिंह ने दी.

## हिंदी के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर विचार रखें



**शाजापुर, 16 सितंबर. किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार 16 सितंबर को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी दिवस मनाया गया.**

प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा ने वर्तमान एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर हिंदी की स्थिति पर अपने विचार प्रकट किए. डॉ. कपिल जाटव, श्रीमती शबाना कुरैशी एवं नीतेश गुप्ता ने हिंदी के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर अपने विचार रखे. श्रीमती दीपिका गुप्ता एवं डॉ. संदीप कुमार सिंह ने राजभाषा हिंदी की दशा एवं दिशा पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया. डॉ. रितेश महाड़िक ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता का काव्य पाठ किया. कार्यक्रम में अनिल कुमार नागर सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित थी. इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने सहभागिता की. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया.

## थान के सामने खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़े

**बड़ौद, 16 सितंबर.** पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमित सूर्यवंशी पिता दुलेसिंह सूर्यवंशी एडवोकेट कुंडी खेड़ा थाना झाड़ा द्वारा अपने वाहन के चालक अनिल पिता जीवन सिंह चौहान बांदा उज्जैन और अन्य साथियों के साथ बड़े उद्धव आया था. फरियादी ने बताया कि बड़ौद विद्यालय में कुछ मिलने वाले छात्रों द्वारा कहासुनी हो गई थी, जिसको लेकर हम यहां बातचीत करने आए थे. विद्यालय प्राचार्य से जब कहासुनी को लेकर बात हुई, तो उन्होंने बताया कि अभी मिलते हैं. उसके बाद जब मैं बाइक से अपने वाहन के पास जा रहा था. तभी मेरे वाहन चालक अनिल ने बताया कि 3 अज्ञात लोग बाइक से मुंह पर कपड़ा बांधकर आए थे और वाहन पर पत्थरबाजी कर भाग गए. जिससे मेरी कार क्रमांक एमपी 09 बीसी 4481 के शीशे तोड़ दिए. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**एक नजर में** | **शिक्षण संस्थाओं में हुए आयोजन, बताया हिंदी का महत्व**

## हिंदी पखवाड़े पर कवि सम्मेलन एवं व्याख्यान आयोजित

**शाजापुर, 16 सितंबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के माध्यम से प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़ा मनाया गया.**




इस अवसर पर राज भाषा हिंदी की दशा और दिशा विषय पर विस्तृत व्याख्यान हुआ. स्वागत भाषण व अतिथि परिचय के बाद आयोजन में व्याख्याता अतिथि के रूप में डॉ. कमलकिशोर वर्मा सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोलायकलां उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि हिंदी न सिर्फ भाषा है, यह हमारी मां भी है और मां का सम्मान जरूरी है. इस अवसर पर नवीन जी की विप्लव गायन गीत की पंक्ति कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ... के साथ प्रतिष्ठित कवियों की कविताओं का काव्यपाठ भी हुआ और पधारे हुए अन्य कवियों. बने सिंह मालवीय मालवी गीतकार, राधेश्याम कराडा पेरोडीकार, राजकुमार अकेला हास्य कवि, नागेश गुर्जर व्यंगकार तथा सोहन शौर्य वीर रस ने भी अपनी रचनाएं सुनाकर महाविद्यालय वातावरण को काव्यमय बना दिया. इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता में छह प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर ज्योति सौराष्ट्रीय बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कोशिका शर्मा बीए प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान पर आशा मालवीय बीएससी द्वितीय रही. साथ ही हिंदी का महत्व विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की, जिसमें प्रथम स्थान पर आशा मालवीय, द्वितीय स्थान पर भावना बादल व तृतीय स्थान पर रविना मकवाना रही. प्रतिभागियों और कवियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. संचालन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने किया. आभार डॉ. डीआर राठौर ने माना.

## गरबे में आस्था के साथ ही दिखाएंगे मां दुर्गा की शक्ति

### गरबा स्थलों पर स्वदेशी के उपयोग पर देंगे जोर

**सुसनेर, 16 सितंबर. शक्ति की भक्ति व आराधना का पर्व इस बार शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू होंगे, जो कि 1 अक्टूबर तक चलेंगे. घरों और मंदिरों के साथ ही पंडालों में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना होगी. वहीं प्रमुख स्थानों पर गरबा व डांडिया रास के आयोजन भी होंगे, जिनमें मां दुर्गा के शक्ति के साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर इस बार गरबा स्थलों पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं ऑनलाइन की बजाय स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी करने पर भी जोर दिया जाएगा.**

शहर में तहसील रोड पर स्थित वाल्मिकी समाज के मां चामुंडा, इतवारिया बाजार, कंकाली माता मंदिर, नरबदिया नाला, मालीपुरा एवं आगर रोड पर स्थित बगड़ावत धाम में सहित ग्रामीण अंचल में पंडाल बनाकर भक्त विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन करेंगे. इसके अलावा शीतला माता मंदिर, अम्बे माता मंदिर, कालका मैया, मां चौंसठ योगिनी मंदिर, कालिका माता मंदिर, खोखली माता मंदिर पर भी घट स्थापना कर मातारानी की आराधना की जाएगी.

**गरबे में दिखेंगे राजस्थान और गुजरात के रंग**

गरबा स्थलों पर आस्था के साथ ही राजस्थानी और गुजराती गीत संगीत का मेल दिखाई देगा. शहर में ढोलिड़ा द गरबा फ्यूजन के बैनरतले 27, 28 और 29 सितंबर को आगर रोड पर तहसील कार्यालय के सामने स्थित गंगा परिसर पर आयोजित किया जाएगा. इस महोत्सव में स्वदेशी के साथ ही स्थानीय दुकानदारों से खरीदी पर जोर दिया जाएगा. प्रतिदिन पारम्पारिक पोषाक में फ्री स्टाइल एवं सामूहिक गरबा, आकर्षक सेल्फी जोन, डेली गेम्स व गिफ्ट्स की व्यवस्था रहेगी. साथ ही फैमिली फ्रेंडली माहौल, किड्स जोन और पेड फूड स्टॉल प्रतिभागियों को विशेष आकर्षण देंगे. आयोजनकर्ता कपिल पंचोली, अर्पिल जैन, हर्षित बंग और जयराज शर्मा ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महोत्सव की शोभा बढ़ाने की अपील की है.